राजस्थान सरकार
<u>मंत्रिमण्डल सचिवालय</u>

विषयः—मा0 मुख्यमंत्री महोदय/विभागीय मा0 मंत्रिगण/मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवगण की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों के संबंध में ।

मा0 मुख्यमंत्री महोदय/विभागीय मा0 मंत्रिगण/मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवगण की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित होती है। अध्यक्ष महोदय के बैठक कक्ष में पधारने पर एवं बैठक समाप्ति के पश्चात सभी प्रतिभागियों के अभिवादन स्वरूप खडे होने की परम्परा है।

प्रायः यह देखा गया है कि बैठक प्रारम्भ होने के पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय के दूरभाष पर वार्ता करने व अन्य कारणों से बैठक कक्ष से बाहर जाकर उनके पुनः बैठक कक्ष में आगमन पर सभी प्रतिभागीगण बार—बार अभिवादन स्वरूप खडे होते है, जिससे बैठक में व्यवधान उत्पन्न होता है।

अतः निर्देशानुसार मा0 मुख्यमंत्री महोदय/विभागीय मा0 मंत्रिगण/मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवगण की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठकों में केवल बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष के आगमन पर एवं बैठक समाप्ति पर अभिवादन स्वरूप खडा होना उपयुक्त है।

कृपया निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें ।

(उषा शर्मा)
मुख्य सचिव

1. समस्त माननीय मंत्री/राज्यमंत्री ।
2. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव
3. समस्त शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव ।

अशा.टीप कमांक प. 2(1)CAB/2023—01065
जयपुर, दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—
1. प्रमुख सचिव/सचिव (जीजी), मुख्यमंत्री।
2. प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन विभाग।
3. रक्षित पत्रावली।

मुख्य सचिव

Signature valid
Digitally signed by Usha Sharma
Designation : Chief Secretary
Date: 2023.08.04 12:25:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4446561